भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिन्दू विश्वविद्यालय),वाराणसी।

हिन्दी पखवाड़ा (सितंबर 1–15, 2016)

1. संस्थान में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन दिनांक 01.09.2016 से दिनांक 15.09.2016 तक किया गया, जिसमें हिन्दी पखवाड़ा का शुभारंभ **दिनांक 01.09.2016** को एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में **हिन्दी कार्यशाला** के आयोजन के साथ हुआ। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान निम्नलिखित आयोजन किये गए –

(i) हिन्दी कार्यशाला– श्री जगदीश नारायण राय, संयोजक, केन्द्रीय सचिवालय, हिन्दी परिषद, वाराणसी द्वारा निम्न प्रशिक्षण दिये गए –

क. हिन्दी कार्यशाला का परिचय तथा राष्ट्र की राजभाषा नीतियां
ख. राजभाषा नीतियों का कार्यान्वयन तथा पत्राचार एवं टिप्पण लेखन

इस कार्यशाला में संस्थान के कुल 65 अधिकारी/कर्मचारीगण ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

(ii) हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन

हिन्दी कार्यशाला के बाद निदेशक महोदय द्वारा हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। इस दौरान संस्थान में राजभाषा नीतियों के अनुपालन हेतु निदेशक महोदय की अपील जारी की गई।

(iii) यूनीकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण

कंप्यूटर पर हिन्दी में काम–काज को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को यूनीकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण का प्रशिक्षण श्री डी. वेणुगोपाल, सहायक कुलसचिव, कृषि विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया।

इस अवसर पर संस्थान के कुल 46 अधिकारी/कर्मचारीगण ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

2. **हिन्दी की पुस्तकों की प्रदर्शनी**

दिनांक 03.09.2016 को संस्थान के मुख्य पुस्तकालय में हिन्दी की पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के छात्र–छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे एवं हिन्दी की विभिन्न पुस्तकों का अवलोकन किया।

3. **हिन्दी टिप्पण लेखन एवं पत्राचार प्रतियोगिता**

दिनांक 06.09.2016 को हिन्दी टिप्पण लेखन एवं पत्राचार प्रतियोगिता का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया, जिसमें कुल 23 गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

4. यूनीकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता

दिनांक 10.09.2016 को फर्स्ट ईयर कंप्यूटर लैब में यूनीकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 21 गैर शैक्षणिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

5. विद्यार्थियों के बीच निबंध प्रतियोगिता

दिनांक 01.09.2016 से 12.09.2016 के मध्य संस्थान के विद्यार्थियों के बीच ''तकनीकी संस्थाओं में संघ की राजभाषा नीतियों का कार्यान्वयन एवं चुनौतियाँ'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

6. हिन्दी दिवस समारोह

दिनांक 14.09.2016 को संस्थान में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष संकुल में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पं0 मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। श्री जगदीश नारायण राय नें कार्यक्रम का प्रारम्भ राजभाषा के इतिहास तथा 14 सितंबर को हिन्दी दिवस क्यों मनाया जाता है, इस पर प्रकाश डाला।

कुलसचिव महोदय ने हिन्दी पखवाड़ा की अवधि में संस्थान में दिनांक 01.09.2016 से 14.09.2016 के मध्य आयोजित कार्यक्रम व प्रतियोगिता की आख्या प्रस्तुत की।

तत्पश्चात् हिन्दी पखवाड़ा समिति के अध्यक्ष आचार्य सुशांत कुमार श्रीवास्तव नें माननीय गृह मंत्री का हिन्दी दिवस के अवसर पर जारी संदेश का पठन किया।

पुरस्कार वितरण

निदेशक महोदय ने दिनांक 01.09.2016 से दिनांक 13.09.2016 के मध्य आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता कर्मचारियों को पुरस्कृत किया।

दिनांक 06.09.2016 को आयोजित हिन्दी टिप्पण लेखन एवं पत्राचार प्रतियोगिता में प्रथम श्री संदीप प्रजापति, द्वितीय श्री अंबुज श्रीवास्तव एवं तृतीय श्री रवि गर्ग का पुरस्कृत किया गया।

दिनांक 10.09.2016 को आयोजित यूनीकोड के माध्यम से हिन्दी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम श्री संदीप प्रजापति, द्वितीय श्री नफीस अख्तर एवं तृतीय श्री जी. जगन मोहन को पुरस्कृत किया गया।

छात्रों के बीच आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय विजेता छात्रों के नाम की घोषणा भी की गई।

हिन्दी दिवस के अवसर पर **रामनगर की विश्वप्रसिद्ध रामलीला** पर हिन्दी पुस्तक का विमोचन माननीय निदेशक महोदय द्वारा किया गया।

तत्पश्चात् निदेशक महोदय ने अपना अध्यक्षीय संबोधन प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होने हिन्दी दिवस को हिन्दी का ही नहीं बल्कि भाषा का दिवस बताया तथा हमें देश की सभी प्रादेशिक भाषाओं और बोलियों का सम्मान करना चाहिए।

कार्यक्रम का समापन संस्थान के संयुक्त कुलसचिव (प्रशासन) श्री राजन श्रीवास्तव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।